प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक 13.03.2023 (सं0–172)

बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा वांछित अभियुक्त की कोलकाता से गिरफ्तारी

- दिनांक–12.03.2023 को बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) तथा अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना की एक संयुक्त विशेष टीम के द्वारा कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के Hare Street थाना क्षेत्र से कुख्यात वांछित अभियुक्त अहमद अली उर्फ जैकी, पे0–खलील अहमद, सा0–तीनकोठिया नियर हनुमान मंदिर, थाना–मिठनपुर, जिला–मुजफ्फरपुर को मिठनपुरा (मुजफ्फरपुर) थाना काण्ड सं0–51/23, दि0–11.02.2023, धारा–120(बी) भा0द0वि0, 8(सी)/21(सी) एन0डी0पी0एस0 एक्ट एवं 4/5 वि0पदा0अधि0 एवं 25(1–बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि दिनांक–11.02.2023 को मुजफ्फरपुर जिला के मिठनपुर थानान्तर्गत तीनकोठिया मोहल्ला क्षेत्र में मादक पदार्थ की गुप्त सूचना के आलोक में जावेद अहमद उर्फ सिंकू के किराये के घर में की गई छापामारी में मादक पदार्थ जैसी चीजों के साथ एक टाइमरयुक्त बम जैसी चीज भी मिली थी। इस सम्बन्ध में मिठनपुरा (मुजफ्फरपुर) थाना काण्ड सं0–51/23, दि0–11.02.2023 अंकित कर जावेद अहमद उर्फ सिंकू को गिरफ्तार किया गया था। जावेद अहमद का भाई अहमद अली उर्फ जैकी गिरफ्तारी के भय से फरार था, जिसे कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया। काण्ड के दोनों नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है। अनुसंधान जारी है।

xxxxxxxxx